## खबर संक्षेप

### सांसद श्री कुलस्ते निवास में निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में हुए शामिल

**मण्डला।** सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने निवास के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को साइकिल प्रदान की। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने की राह को आसान बनाने के लिए साइकिल वितरण योजना का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों को नई ऊर्जा मिलेगी और वे अपनी पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान दे पाएंगे। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। श्री सांसद कुलस्ते ने कहा कि सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस दौरान कार्यक्रम में निवास विधायक श्री चौनसिंह वरकड़े, पूर्व विधायक श्री रामप्यारे कुलस्ते, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष, एसडीएम निवास श्री सीएल वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### बिछिया में छात्र-छात्राओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार गुरुवार को बिछिया में जनजातीय कार्य विभाग के तहत संचालित बालक और कन्या छात्रावासों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में सिकल सेल और हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई।

### राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह और नवीन कुश्ती मैट का उद्घाटन 29 अगस्त को

**मण्डला।** राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह और नवीन कुश्ती मैट का उद्घाटन 29 अगस्त को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के मुख्य आतिथ्य तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम की अध्यक्षता में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगरपालिका परिषद अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा होंगे। समारोह का आयोजन शुक्रवार को प्रातः 11:45 बजे इण्डोर स्टेडियम मंडला में किया जायेगा।

### जबलपुर में जल जीवन मिशन की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

**मण्डला।** जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव श्री पी. नरहरि की अध्यक्षता में जबलपुर में संभाग स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जबलपुर और छिंदवाड़ा मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

## सरकारी दावों की पोल खोलती जिले की जमीनी हकीकत

# अंधकार में जिले का भावी भविष्य






### * छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के साथ हो रहा खिलवाड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

*शिक्षा विभाग का भारी भरकम अमला व्यवस्थाओं को देखने जनशिक्षक से लेकर बीएसी, बीआरसी, एपीसी एवं उनके मुखिया डीपीसी बावजूद इसके जर्जर स्कूल भवन, पढ़ाई का, भवन मरम्मत का तथा बच्चों के हितार्थ आने वाली राशि कहां और कैसें हड़प ली जा रही है कोई देखने वाला नहीं। कहने को तो सप्ताह में दो महत्वपूर्ण बैठक जिला मुख्यालय में होती हैं जिनमें शासन की योजनाओं से लेकर प्रशासनिक व्यवस्था की गंभीरतापूर्वक समीक्षा की जाती है बावजूद इसके यदि कागजों में पूर्ण शाला भवन हकीकत में अपूर्ण एवं जर्जर हों, पोर्टल में तो शाला में शिक्षक पदस्थ नजर आ रहे हों लेकिन हकीकत शिक्षकविहीन शालायें हों तो फिर गलती या अनदेखी कहां हो रही है इसे कौन समझेगा?*

हर साल सरकारी स्कूलों की मरम्मत पर करोड़ो रूपए खर्च किए जाते हैं यह राशि स्कूल प्रबंधन के साथ सहायक आयुक्त आदिवासी कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान, जिला शिक्षा विभाग के माध्यम से भी खर्च की जाती है स्कूलों की देख-रेख सुधार लिपाई पुताई के साथ अन्य संसाधनों में पानी की तरह पैसा बहाया जाता है। लेकिन इस पैसे का उपयोग कम दुरूपयोग ज्यादा होता है लिहाजा स्कूलों के हालात तो नही सुधरे लेकिन स्कूल सुधार के लिए तैनात किए गए अधिकारी, कर्मचारी, इंजीनियर जरूर मालामाल हो गए। हालात तस्वीरें बयां कर रही है कहीं छत टपक रही है तो कहीं दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारे आ गई हैं। यही नही स्कूल की छत कब गिर जाए कोई भरोसा नही इसके बाद भी जबावदार अधिकारी मौन हैं। रोजाना जर्जर स्कूलों को लेकर मीडिया में कुछ न कुछ प्रकाशित होता है।

एक ओर सरकार शिक्षा का अधिकार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बातें कर रही हैं वहीं दूसरी ओर मंडला जिले की जमीनी हकीकत इन वादों की पोल खोल रही है। जिले के सरकारी स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अंधकारमय तस्वीर पेश कर रहे हैं जहां न शिक्षक हैं, न भवन, और न ही बच्चों के लिए सुरक्षित और अनुकूल माहौल। शहर के स्कूलों में शिक्षकों की भरमार है, वहीं ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों के स्कूल पूरी तरह भगवान भरोसे चल रहे हैं। जिला मुख्यालय और उसके आसपास के स्कूलों में शिक्षकों की संख्या जरूरत से कहीं अधिक है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे एक शिक्षक के भरोसे हैं वो भी तब, जब स्कूल पर ताला न लटका हो। जिला शिक्षा विभाग से प्राप्त आंकड़े चौंकाने वाले हैं 89 स्कूलों में कोई भी शिक्षक पदस्थ नहीं है 362 स्कूल केवल एक शिक्षक के सहारे चल रहे हैं। 601 स्कूल जर्जर भवनों में संचालित हो रहे हैं। 37 स्कूलों के पास अपना भवन तक नहीं है। शिक्षकों के मनमाने तबादले अब मंडला के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बन गए हैं। मंत्रियों की सिफारिश और रसूख के बल पर शिक्षकों को जिला मुख्यालय और पास के क्षेत्रों में पदस्थ कर दिया गया है। इसके चलते ग्रामीण इलाकों के स्कूलों में या तो शिक्षक नहीं हैं या फिर पढ़ाई का नाम मात्र है। जिन स्कूलों के पास भवन नहीं हैं उन्हें आंगनबाड़ी केंद्रों सामुदायिक भवनों या यहां तक कि किराए के निजी मकानों में चलाया जा रहा है। जिन स्कूलों के भवन हैं उनमें से सैकड़ों जर्जर हो चुके हैं कई भवनों को तो ध्वस्त करने की सिफारिश तक हो चुकी है। इस स्थिति में ना केवल बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है बल्कि उनकी जान तक खतरे में है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार कई अधूरे भवनों को विभागीय पोर्टल पर पूर्ण और उपयोग में दिखा दिया गया है। अगर इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, तो शिक्षा विभाग और जनजाति कार्य विभाग की कार्यप्रणाली पर कई बड़े घोटाले उजागर हो सकते हैं। शिक्षकों की भारी कमी के बावजूद कई शिक्षक जिला और ब्लॉक स्तर के कार्यालयों में संलग्न कर दिए गए हैं। शासन द्वारा कई बार स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि शिक्षकों को केवल शिक्षण कार्य में ही लगाया जाए लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। सवाल उठता है कि क्या मंडला जिले के बच्चों की पढ़ाई का कोई मोल नहीं है क्या गरीब आदिवासी और ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की जिम्मेदारी सिर्फ कागजों तक सीमित है? कब जागेगा शिक्षा विभाग और जनजाति कार्य विभाग? क्या इन गड़बड़ियों की उच्चस्तरीय जांच नहीं होनी चाहिए? जब तक हर गांव के स्कूल में योग्य शिक्षक, सुरक्षित भवन और बुनियादी सुविधाएं नहीं पहुंचेंगी, तब तक शिक्षा का अधिकार कानून एक दिखावा ही रहेगा। वो स्कूल जो बच्चों के भविष्य की इबारत लिखता वह खुद गिरने की कगार पर खड़ा है जिसके जिम्मेदार जिला शिक्षा केन्द्र और जनजाति कार्य विकास विभाग हैं।

## भक्ति, भव्यता और उत्साह का संगम-महाराजा गणेशोत्सव

### * बस स्टैंड पर विराजे गजानन का युवाओं ने किया भव्य स्वागत।



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर बन चुका महाराजा बस स्टैंड गणेशोत्सव समिति हर वर्ष की तरह इस बार भी अपने भव्य आयोजन और अनोखी प्रतिमा के कारण सुर्खियों में है। विगत कई वर्षों से यह समिति नगरवासियों के लिए अद्भुत और मनमोहक प्रतिमाएं स्थापित कर रही है। इसी कारण यहां विराजने वाले श्री गणेश जी को श्रद्धालु ससम्मान मंडला का महाराज कहते हैं।

### भव्य शोभायात्रा और स्वागत

इस वर्ष भी जब प्रतिमा का नगर में आगमन हुआ, तब दृश्य देखते ही बन रहा था। युवाओं और श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा, आकर्षक लाइटिंग, रंग-बिरंगे झंडे-गाजे, और गगनभेदी बैंड-बाजों के साथ गणेश जी का भव्य स्वागत किया। सैकड़ों की संख्या में जुटी भीड़ गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठी। रात होते ही बस स्टैंड का पूरा परिसर दुल्हन की तरह सजाया गया, जहां जगमगाती लाइटें और सजावट लोगों को बरबस अपनी ओर खींच रही थीं।

### अनोखी प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र

इस बार भी समिति ने युवाओं की मेहनत और नई सोच से तैयार की गई अद्भुत और आकर्षक प्रतिमा स्थापित की है। इसे देखने के लिए न सिर्फ मंडला नगर, बल्कि आसपास के गांव-देहात से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यहां आने वाले हर भक्त का कहना है कि बस स्टैंड का महाराज अपनी भव्यता और आस्था के कारण पूरे जिले में अद्वितीय है।

### आध्यात्मिक आयोजन और युवाओं का उत्साह

गणेशोत्सव के दौरान समिति की ओर से सुंदरकांड पाठ, महाआरती, भजन संध्या और विविध धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। इन आयोजनों में युवाओं का उत्साह देखते ही बनता है। युवाओं का कहना है कि गणेशोत्सव सिर्फ एक पर्व नहीं बल्कि हिंदुत्व और भारतीय संस्कृति की जीवंत झलक है, जिसे वे बड़े ही गौरव और श्रद्धा से निभा रहे हैं।

### आस्था और आकर्षण का संगम

मंडला का यह आयोजन अब केवल धार्मिक अनुष्ठान न रहकर, भक्ति, भव्यता और सांस्कृतिक गौरव का संगम बन चुका है। बस स्टैंड गणेशोत्सव समिति हर वर्ष नई सोच और नयी प्रतिमा के जरिए लोगों को एक अनोखा अनुभव देती है, जिसकी गूंज दूर-दूर तक सुनाई देती है।

## पशु संरक्षण के लिए जारी प्रदर्शन को वरिष्ठ समाजसेवियों ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



मण्डला कलेक्ट्रेट सिविल लाइन में पशु संरक्षण को लेकर दस दिनों से दिन-रात चल रहे धरना प्रदर्शन को शहर के वरिष्ठ समाजसेवियों ने समर्थन देकर मांगों को जायज बताते हुए प्रशासन के समक्ष रखकर निराकरण कराने कहा प्रयास करने कहा गया है।

नैतिक समर्थन करने पहुंचे बहुउद्देशीय समाजसेवी चंद्रगुप्त नामदेव, दीनदयाल कुमरे और पी डी खैरवार ने बताया है कि पशुप्रेमी निशा सिंह ठाकुर और उनके साथियों के द्वारा पशुओं के संरक्षण से संबंधित मुख्य मांगों को लेकर विगत दस दिनों से धरना चल रहा है। इनकी मांगों की ओर प्रशासन का ध्यान नहीं जाते देख नवमें दिन से भूख हड़ताल के लिए बाध्य होना पड़ा है,और यह मांगें माने जाने तक जारी रहना बताया गया है। धरना स्थल पर पहुंचे समाजसेवियों ने नैतिक समर्थन देकर कहा है,कि प्रशासन को तत्काल संज्ञान में लिया जाना चाहिए। जिसके लिए हमारे द्वारा भी प्रयास किया जाएगा।अपनी और अपने सहयोगियों की सेहत का ध्यान रखते हुए भूख हड़ताल जैसे प्रदर्शन को वापस लेकर संविधानिक तरीके से भी अपनी मांग लगातार जारी रखी जा सकती है।

### पशुओं के हित में तैयार मांगपत्र में मुख्य मांगें

गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाकर ग्रास चारण विचरण हेतु सुरक्षित किए जाने, सामुदायिक आवारा डाग्स की नसबंदी एवं टीकाकरण कराए जाने, बीमार, विकलांग पशुओं के लिए एनीमल्स शेल्टर होम की व्यवस्था कराई जाने, पशु अस्पताल में भर्ती वार्ड, आवश्यक उपकरण, ऑपरेशन थिएटर एवं एंटी रेबीज सहित पर्याप्त मेडिसिन की व्यवस्था कराई जाने, बीमार एवं रेबीज प्रभावित पशुओं के लिए रेस्क्यू दल के गठन कराया जाने, पशु कानूनों का प्रचार प्रसार कराए जाने, वेटरनरी मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराई जाने, सुप्रीम कोर्ट के दिल्ली में डाग्स के रिलोकेशन के आदेश को वापस लिए जाने की मांगें प्रमुख रूप से रखी हुई हैं।

## धूमधाम से मनाया गया बाबा माधवशाह का प्रकाशोत्सव पर्व



**मण्डला।** हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति कटनी शाखा मंडला के सेवादारों के द्वारा सुभाष वार्ड सत्संग भवन में गुरुवार को हरीराया सदगुरु बाबा माधवशाह साहिब जी का प्रकाशोत्सव का शुभ अवसर धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मंडला के कृपा पात्र सेवकों के द्वारा भजन, सुमिरन, अरदास, सत्संग, अनमोल वचनों, लीलाओं, उपदेशों का बखान किया गया। बाबा माधव शाह की प्रतिमा में शॉल चढ़ाई गई। इसके पश्चात समिति के सेवादारों के द्वारा शुभ अवसर का केक काटा गया। सभी को पावन अवसर की बधाइयां दी गईं।आयोजन में सेवादार पुरुष, महिलाओं, बच्चों ने प्रकाशोत्सव पर झूम नाचकर मौज करते हुए खुशियाँ जाहिर की। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसादी के रूप में लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आस्था प्रेमी उपस्थित रहे।

## लाभकारी योजना | मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा बिंझिया के ग्राहक के आश्रित को मिले चार लाख।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का कमाल

### * प्रीमियम की राशि प्रति वर्ष 436 रुपये एवं 20 रूपये है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत नॉमिनी को दो लाख एवं प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत नॉमिनी को दो लाख कुल 4 लाख का चेक दिया गया। मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक बिंझिया शाखा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत गुरुवार को बीमाधारक ग्राहक की मृत्यु होने पर उसकी नॉमिनी को बीमा क्लेम की राशि प्रदान की गई। क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदीप अग्रवाल, उपक्षेत्रीय प्रबंधक जितेंद्र ठाकुर एवं शाखा प्रबंधक श्रीमती रितु राय ने मृत खाताधारक काशीराम चौधरी की आश्रित पत्नी सुकको बाई चौधरी को चार लाख रूपये की बीमित राशि का चेक प्रदान किया। मृतक ने बिंझिया स्थित मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक में 1 वर्ष पूर्व अपना खाता खुलवाया था। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक श्रीमती रितु राय ने योजना से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार देश के नागरिकों को आर्थिक रूप से मजबूत और सुरक्षित करने के लिए कई तरह की स्कीमें चला रही है ऐसी ही एक स्कीम है प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) 18 से 50 वर्ष एवं प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना आयु 18 से 70 वर्ष के आयु समूह एवं वाले उन व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है, जिनके पास एक बैंक खाता हो और जो इस योजना से जुड़ने, अपने खाते से ऑटो-डेबिट के लिए सहमति देते हैं। इस योजना के तहत, किसी भी कारणवश बीमाकृत व्यक्ति के मृत्यु होने के मामले में जोखिम सुरक्षा दो लाख रुपये है। प्रीमियम की राशि प्रति वर्ष 436 रुपये एवं 20 रूपये है, जिसे बीमाधारक के द्वारा दिए गए विकल्प के अनुसार बैंक खाते से एक किश्त में ही प्रत्येक वार्षिक सुरक्षा समयावधि पर योजना के तहत 31 मई को या उससे पहले ऑटो-डेबिट किया जाता है।

## हरितालिका व्रत के दिन महिला शिक्षिकाओं को बुलाया गया प्रशिक्षण में

### * शासन के निर्देशों की अनदेखी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मण्डला द्वारा 25 अगस्त 2025 को समस्त स्रोत समन्वयकों को एक आदेश जारी किया गयाए जिसमें 30 अगस्त 2025 को कक्षा 6 से 8 के शिक्षकों हेतु जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर शैक्षिक संवाद आयोजित कराने का निर्देश दिया गया है। इसी के पूर्व तैयारी के अंतर्गत 26 अगस्त 2025 को जिला स्तरीय उन्मुखीकरण बैठक आयोजित की गई जिसका समय दोपहर 12:00 से 03:00 बजे तक निर्धारित किया गया था।

यह कार्यक्रम आयुक्तए राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के पत्र क्रमांक 1799 दिनांक 18 अगस्त 2025 के निर्देशों के परिपालन में आयोजित किया गया। इसमें नोडल जनशिक्षकों के साथ कक्षा 6 से 8 के एक सहजकर्ता की उपस्थिति अनिवार्य की गई थी। यात्रा देयक का भुगतान भी जिला संस्थान द्वारा किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

किन्तु विवाद का विषय यह है कि 26 अगस्त 2025 को ष्हरितालिका तीज व्रतष् हैए जो विशेष रूप से महिलाओं द्वारा किया जाने वाला एक धार्मिक पर्व है। यह दिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है और मध्यप्रदेश शासन द्वारा महिला शिक्षिकाओं के लिए इस दिन ऐच्छिक अवकाश की स्वीकृति भी प्रदान की गई है।

ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि जब यह जानकारी पहले से उपलब्ध थी तो फिर जिला स्तर पर इस तिथि को प्रशिक्षण क्यों रखा गयाघ

सूत्रों के अनुसार इस कार्यक्रम में लगभग 15 से 20 महिला शिक्षिकाओं को भी आमंत्रित किया गयाए जिससे यह माना जा रहा है कि कहीं न कहीं शासन द्वारा घोषित नियमों और भावनाओं की अनदेखी की गई है।

शिक्षिकाओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा यह मांग की जा रही है कि प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता से ले और भविष्य में ऐसी तिथि निर्धारण में धार्मिक-सांस्कृतिक संदर्भों का ध्यान रखे।

हरतालिका व्रत को हरतालिका तीज या तीजा भी कहते हैं। यह व्रत भाद्रपद ख्, मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को हस्त नक्षत्र के दिन होता है। इस दिन कुमारी और सौभाग्यवती स्त्रियाँ गौरी-शङ्कर की पूजा करती हैं। विशेषकर उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल और बिहार में मनाया जाने वाला यह त्योहार करवाचौथ से भी कठिन माना जाता है क्योंकि जहां करवाचौथ में चन्द्र देखने के उपरांत व्रत सम्पन्न कर दिया जाता हैए वहीं इस व्रत में पूरे दिन निर्जल व्रत किया जाता है और अगले दिन पूजन के पश्चात ही व्रत सम्पन्न जाता है।

इस व्रत की पात्र कुमारी कन्याएँ व सुहागिन महिलाएँ दोनों ही हैं परन्तु एक बार व्रत रखने उपरांत जीवन पर्यन्त इस व्रत को रखना पड़ता है। यदि व्रती महिला गंभीर रोगी स्थिति में हो तो उसके स्थान पर दूसरी महिला व उसका पति भी इस व्रत को रख सकने का विधान है।

## खबर संक्षेप

### जिले के मेहंदवानी में आज भी कायम है गंगा जमुनी तहजीब



**डिंडौरी ।** जिले में गणेश चतुर्थी की पुण्य अवसर पर घर घर गली मोहल्ले में गणपति बप्पा की मूर्ति स्थापित की गई हैं ऐसे अवसरों पर अनेकों जगह धार्मिक उन्माद की ख़बरें सामने आती रहती हैं! ऐसे में जिले के मेहंदवानी ब्लॉक मुख्यालय में भक्ति भाव के साथ गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल निकलकर सामने आई है! यहां बता दें कि मेहंदवानी में हिन्दू मुस्लिम के बीच भाईचारा ऐसा बना हुआ है कि दोनों ही समुदाय के लोग मिल जुलकर होली, ईद,दीवाली, के साथ तमाम तीज त्यौहारों को मनाते आ रहे हैं! देश में एक तरफ जहाँ कुछ नफरती खबरें निकलती हैं!तो प्रेम और सौहार्द की एक नजीर दोनों ही समुदाय के लोग पेश करते हैं! और यह बताते हैं! कि भगवान और भक्ति का कोई धर्म और जाति नहीं होती बल्कि भगवान कोई हम जिस रूप में देखना चाहें वो हमें मिल जाएंगे ऐसा ही मनमोहक और भक्ति भाव का दृश्य आज के दौर में जिले के मेहंदवानी में देखने को मिला जहाँ दोनों ही कौम के सारे हिन्दू मुस्लिम भाइयों ने मिलकर के बाबा मेहंदी हसन शाह और बाबा नूर हसन शाह की दरगाह पर चादर फूल चढ़ाकार दरगाह के समीप ही श्री गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना किया मित्र मंडल श्री गणेश समित आवास टोला मेहंदवानी के कार्यकर्ताओं ने बताया की लगभग तीन साल से लगातार इनकी समिति के द्वारा दरगाह के समीप श्री गणेश जी की प्रतिमा रखी जा रही है! और अब तक हिन्दू मुस्लिम भाई मिलकर सभी तीज त्यौहार मनाते हैं और आगे भविष्य में इसी तरह से हिन्दू मुस्लिम एकता कायम रखते हुये मिशाल पेश करते रहेगें।

### ग्राम गोरखपुर बस स्टैंड पर विराजे विघ्नहर्ता गणेश



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** गोरखपुर, विकासखंड करंजिया में गणेश चतुर्थी के अवसर पर बस स्टैंड परिसर में विघ्नहर्ता श्री गणेश की प्रतिमा का भव्य स्थापना समारोह आयोजित किया गया। जिसमें गाँव के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।पूरे स्थल को आकर्षक लाइटिंग, फूलों और रंगोलियों से सजाया गया। भव्य आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम और महाप्रसाद वितरण ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया।समाजसेवी अमित शर्मा ने इस आयोजन की प्रशंसा की और समिति को इस पुण्य कार्य के लिए धन्यवाद दिया। क्षेत्र में गणेशोत्सव की यह झलक पूरे गांव में आनंद और श्रद्धा का संचार कर रही है।

### अमरकंटक में गणेश उत्सव की धूम, विभिन्न वार्डों में आकर्षक प्रतिमाएँ स्थापित

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में गणेश उत्सव की धूमधाम दिखाई दे रही है। नगर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में श्रद्धालुओं द्वारा आदि देव भगवान श्री गणेश की सुंदर एवं आकर्षक प्रतिमाएँ स्थापित की गई हैं। प्रतिमाओं की सजावट में विविध प्रकार की रंग-बिरंगी लाइटें, फूलों की झालरें और कलात्मक मंडप विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सुबह से ही गणपति बप्पा के दर्शन हेतु भक्तों का तांता लग रहा है। श्रद्धालु आरती, भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

## पंचायत निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की आशंका, ग्रामीणों ने की कलेक्टर से शिकायत

# ग्राम कछारी माल में ग्रामसभा में उठी आवाज, जांच और कार्यवाही की मांग

जनपद पंचायत शहपुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कछारी माल में शासकीय राशि के दुरुपयोग और निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय में आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत के पदाधिकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से न देते हुए, केवल कागजों में कार्य दर्शाकर सरकारी राशि का दुरुपयोग कर रहे हैं।






**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कछारी माल में हाल ही में आयोजित ग्रामसभा के दौरान पंचायत द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों, आय-व्यय और योजना मदों की जानकारी मांगी गई थी। ग्रामसभा में उपस्थित अध्यक्ष, पंचों और ग्रामीणों द्वारा बार-बार पूछे जाने के बावजूद पंचायत सचिव द्वारा कोई स्पष्ट या लिखित जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई, जिससे ग्रामीणों में असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो गई।ग्रामसभा का आयोजन स्वतंत्रता दिवस के दिन किया गया था, किंतु जानकारी के अभाव में सभा भंग कर दी गई। इसके पश्चात दोबारा ग्रामसभा का आयोजन किया गया, जिसमें सचिव और सरपंच मौखिक रूप से जानकारी देने का प्रयास करते रहे, लेकिन उपस्थित सदस्यों को वह जानकारी संतोषजनक नहीं लगी।

### निर्माण कार्यों में अनियमितता के आरोप

ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए आवेदन में कई निर्माण कार्यों को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए हैं:

* गरहन नाला में स्टॉप डेम और चेक डेम निर्माण कार्य के नाम पर राशि आहरित कर ली गई, जबकि मौके पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया गया है।

* करुणा नदी के किनारे घाट निर्माण कार्य के अंतर्गत सीमित दूरी में कार्य किया गया, लेकिन पूर्ण स्वीकृत राशि आहरित कर ली गई।

* वार्ड क्रमांक एक, खुर्री टोला में सीसी रोड निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुसार लंबा होना चाहिए था, लेकिन वास्तविक कार्य इससे काफी कम दूरी तक ही किया गया है।

* सागड़ा नाला में गली प्लग निर्माण कार्य के नाम पर राशि निकाली गई, लेकिन मौके पर कोई कार्य मौजूद नहीं है।

* नाली निर्माण कार्य, घुसिया रैयत से एक ग्रामीण के घर तक किया गया था, जो अधूरा पाया गया है। मजदूरी का भुगतान मनरेगा मद से किया गया है, जबकि उक्त कार्य योजना के तहत नहीं आता।

### अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच, सचिव, सहायक यंत्री और उपयंत्री के बीच मिलीभगत कर योजनाओं में भ्रष्टाचार किया गया है। बिना उच्च अधिकारियों की अनुशंसा और स्वीकृति के कार्य कराए गए हैं। कुछ मामलों में पुराने निर्माण कार्य के समीप ही नए कार्य दिखाकर राशि आहरित की गई है, जबकि पूर्व में निर्मित संरचनाओं को तोड़ने की अनुमति तक नहीं ली गई।

### आंदोलन की चेतावनी

ग्राम कछारी माल और घुसिया रैयत के पेसा ग्रामसभा अध्यक्षों की उपस्थिति में हुई बैठक में ग्रामीणों ने यह निर्णय लिया कि यदि समय पर प्रशासन द्वारा जांच शुरू नहीं की गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे राजमार्ग पर धरना एवं चक्का जाम करेंगे। इस आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### ग्रामीणों की मांग

सभी निर्माण कार्यों की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए। दोषी सरपंच, सचिव, तकनीकी कर्मचारियों पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाए। ग्राम पंचायत की आय-व्यय की जानकारी सार्वजनिक की जाए। शासकीय राशि की वसूली कराई जाए।

# ठेकेदार और अफसरों पर पार्षद का आरोप, कहा – मनमानी से हो रहा काम

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।**




नगर में सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर अब राजनीति गरमा गई है। नगर पंचायत क्षेत्र में बन रही सड़कों पर सवाल उठाते हुए वार्ड के बीजेपी पार्षद देवेंद्र बनवासी ने गुरुवार शाम एसडीएम कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में पार्षद ने ठेकेदार और उपयंत्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

पार्षद का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है और गुणवत्ता से खुला समझौता किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पंचायत के अधिकारी और कर्मचारी इस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रहे और बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं की जा रही। देवेंद्र बनवासी ने चेतावनी दी कि यदि इस पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।उन्होंने यह भी कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ रहा है। नगर पंचायत प्रशासन की चुप्पी यह साबित करती है कि कहीं न कहीं मिलीभगत से यह काम कराया जा रहा है।

इधर स्थानीय नागरिकों ने भी पार्षद की बात का समर्थन किया है। उनका कहना है कि जिस सड़क पर लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं, वह लंबे समय तक टिकेगी नहीं। लोग खुलेआम कह रहे हैं कि यदि इसी तरह घटिया काम चलता रहा तो बरसात शुरू होते ही सड़कें टूटने लगेंगी।अब पूरे नगर की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं। लोगों को उम्मीद है कि शिकायत की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। यह देखना दिलचस्प होगा कि नगर पंचायत और जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं।



कीटनाशकों और खाद की कालाबाजारी पर लगाम लगाने भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

# लचर प्रशासनिक व्यवस्था से किसानों की हो रही लूट, सड़क पर उतरने की दी चेतावनी

**डिंडौरी ।**

क्षेत्र के किसान इन दिनों खाद और कीटनाशकों की कालाबाजारी से परेशान हैं। शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर खाद उपलब्ध नहीं होने से किसानों को मजबूरी में कालाबाजारी की दर पर सामग्री खरीदनी पड़ रही है। इसी मुद्दे को लेकर गुरुवार को भारतीय किसान संघ तहसील शहपुरा ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और तत्काल कार्यवाही की मांग की।

किसान संघ के अनुसार शासन द्वारा यूरिया का मूल्य 266 रुपये प्रति बोरी और डीएपी का मूल्य 1350 रुपये निर्धारित है। इसके बावजूद बाजार में लाइसेंसधारी दुकानदार यूरिया 950 से 1000 रुपये प्रति बोरी और डीएपी 1800 से 2000 रुपये प्रति बोरी तक बेच रहे हैं। इस मनमानी पर कृषि विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी मौन हैं, जिससे दुकानदारों के हौसले और बुलंद हो रहे हैं।

एसडीएम शहपुरा ने किसानों को आश्वासन दिया कि दुकानों की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि किसानों को सही मूल्य पर खाद और कीटनाशक उपलब्ध हो सके।

भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्य ने चेतावनी दी कि यदि किसानों के साथ अन्याय और लूट का सिलसिला जारी रहा तो किसान सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



# एकीकृत बालक माध्यमिक विद्यालय मानिकपुर में छात्रों को साइकिल वितरित

### शासन की निशुल्क साइकिल वितरण योजना से छात्र-छात्राओं को मिलेगी सुविधा

**डिंडौरी ।**

मध्यप्रदेश शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत एकीकृत बालक माध्यमिक विद्यालय मानिकपुर में कक्षा 6वीं के छात्रों को साइकिलें वितरित की गईं। ग्रामीण क्षेत्र की छात्रों को विद्यालय आने-जाने में आने वाली कठिनाइयों को देखते हुए यह योजना उनके लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। पहले छात्रों को विद्यालय तक पहुँचने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता था, जिससे न केवल समय की बर्बादी होती थी, बल्कि थकान के कारण पढ़ाई पर भी असर पड़ता था। अब शासन की इस योजना से उन्हें साइकिल उपलब्ध होने से विद्यालय आना-जाना आसान हो जाएगा और वे समय पर कक्षाओं में पहुँच सकेंगे। कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति साइकिल वितरण कार्यक्रम के अवसर पर संस्था के प्रधानाध्यापक गंगाराम झारिया, बाल सिंह पट्टा, पुष्पा असाटी, श्रीमती मनोज बाई लोधी, मोनिका चक्रवर्ती, मानिकपुर मंडल अध्यक्ष गोलू हीरेंद्र सिंह मरावी, डॉ.अर्जुन झारिया, रोहित असाटी, विश्वनाथ झारिया, पप्पू प्रदीप कुमार झारिया, रघुनाथ सिंह ठाकुर सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

छात्रों ने व्यक्त किया आभार साइकिल पाकर छात्रों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें स्कूल जाने में आसानी होगी और पढ़ाई पर अधिक ध्यान दे सकेंगे। अभिभावकों ने भी शासन और विद्यालय प्रबंधन का आभार जताया।

# महिलाओं को शराबी बताने पर जीतू पटवारी का फूंका पुतला



**डिंडौरी ।**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार व भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम के मार्गदर्शन में महिला मोर्चा की अध्यक्ष नरवदिया मरकाम की अगुवाई में पीसीसी चीफ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के महिलाओं को शराबी बताने के विरोध में भाजपा ने डिंडोरी में जिला भाजपा कार्यालय के सामने पुतला दहन कर कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया।

भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नरवदिया मरकाम ने कहा कि हरतालिका तीज के पावन अवसर पर पटवारी का महिलाओं को शराब से जोड़ना अपमानजनक है।

भाजपा ने की पद से हटाने की मांग भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि पटवारी को प्रदेश की सभी मातृशक्तियों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस से मांग की कि पटवारी को पद से हटाया जाए। श्री राजपूत ने कहा कि विपक्ष मुद्दों की बजाय महिलाओं का अपमान करने वाली राजनीति कर रहा है, जो कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता है।भाजपा नेत्रियों का विरोध प्रदर्शन भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुशीला मार्को ने कहा कि जीतू पटवारी का बयान महिलाओं का अपमान है। इसी कारण पुतले पर कालिख पोतकर जलाया गया। उन्होंने कहा कि तीज के दिन जब बहनें अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं, तब इस तरह का बयान कांग्रेस की गुंडागर्दी और मानसिकता को उजागर करता है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि कांग्रेस की यह सोच प्रदेश की महिलाएं कभी बर्दाश्त नहीं करेंगी। उक्त पुतला दहन कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिला महामंत्री कुंवारिया मरावी, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, उपाध्यक्ष सारिका नायक, जनपद सदस्य रजनी मंदे, अनीता धूमकेती, पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण ठाकुर, मंडल अध्यक्ष अनिल साहू, भागीरथ उरैती, मिथलेश मिश्रा, स्मिता बर्मन, साधना तिवारी, सुनीता चौहान, सुनीता ठाकुर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# टॉवर पर चढ़ा आशिक के प्रेम का परवान

## पुलिस के मदद के आश्वासन पर जिद छोड़ टॉवर से उतरा नीचे

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

गुरूवार को कोतवाली पुलिस को 112 डायल की मदद से जानकारी मिली कि एक सरफिरा युवक जिला मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत बरबसपुर के बगल से गुजरी हाईटेंशन टॉवर में चढ़ा हुआ है। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुँची इस दौरान बिजली विभाग के अधिकारी भी घटना स्थल पहुंचे। युवक को हाईटेंशन टावर मे चढ़कर अजीबो गरीब हरकत के दौरान ग्रामीण भी इकट्ठा हो गये। हालांकि काफी मशक्कत और समझाइश के बाद युवक को सकुशल टॉवर से उतार लिया गया।

### पुलिस के आश्वासन पर नीचे उतरा युवक

28 अगस्त की दोपहर करीब 2:30 बजे डायल 112 सर्विस भोपाल के द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम अनूपपुर एवं थाना प्रभारी कोतवाली को सूचना दी गई कि बरबसपुर ग्राम में पावर ग्रिड कारपोरेशन के हाई टेंशन लाइन के टावर में एक नवयुवक चढ़ा हुआ है जो कूद कर जान देने की बात कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### कोटवार को हटाने ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**गोटेगांव।** विगतदिवस तहसीलदार नीरज तखरया को गांव के लोगों ने गांव में मौजूद कोटवार की गतिविधियों से परेशान होकर हटाने मांग की एवं ज्ञापन सौंपा। सगरा गांव के निवासियों ने तहसील कार्यालय में आकर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें गांव कोटवार की गतिविधियों की खुली शिकायत करते हुए उसकी जगह किसी अन्य को गांव में पदस्थ करने की मांग की गई है। गांव के लोगों का कहना है कि कोटवार किसी प्रकार के सरकारी कार्य को नहीं करता है, जिसके कारण गांव के लोगो को सरकार की कार्यप्रणाली की जानकारी तक प्राप्त नहीं हो पाती है।

### पचमढ़ी की कहकर गया राजेश वापिस नहीं लौटा




**तेंदूखेड़ा।** विगत 12 अगस्त को पचमढ़ी घूमने जाने की कहकर अपने घर से निकला राजेश कनखरे आज तक घर वापिस नहीं लौटा है। राजेश के पिता रमेश कुमार गोलंदाज जो कि एम पी ई बी कार्यालय डोभी में पदस्थ हैं ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि दो दिन तक घर वापिस ना आने की स्थिति में उसकी जानकारी की यहां वहां पता भी किया गया लेकिन वह अभी तक वापिस नहीं लौटा है। यदि किसी भी व्यक्ति को राजेश दिखे या कोई जानकारी मिलती है तो 8462955262 पर जानकारी देने की अपील की है।

### ग्रामीण की मौत

**गोटेगांव।** पुलिस थाना ठेमी के धमना गांव में मोहन पिपरोलिया ४५ साल निवासी मुरदई की मौत अज्ञात कारण से हो गई। पुलिस ने पंचनामा करके मर्ग प्रकरण कायम कर पोस्टमार्टम करवाया है। मौत किस कारण से हुई है इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### ट्रेन की चपेट में मौत

**गोटेगांव।** विगतदिवस पुलिस थाना गोटेगांव के तहत विक्रमपुर भिटौनी रेलवे स्टेशन के किलोमीटर ९५०/२६ पर एक अज्ञात पुरुष ४२ साल की ट्रेन से गिरने पर मौत हो गई है। पुलिस ने पंचनामा बनाने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया को पूरा किया है। वहीं इस अधेड़ की पहचान करने का प्रयास कर रही है, उसके पास से ऐसे कोई कागजात हाथ नहीं लगे है। जिससे उसका पता लगा सकें, इसलिए अज्ञात में ही मर्ग प्रकरण कायम किया है।

### शंकराचार्य बाल लीला धाम में मनाया जन्म दिवस

**गोटेगांव।** बरहटा में ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती महाराज का 101वां जन्मदिवस अग्निपीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर रामकृष्णानंद महाराज के सानिध्य में राजयोग आश्रम शंकराचार्य बाल लीला धाम बरहटा में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इसमें मुय रूप से कन्या भोज एवं भंडारा का आयोजन किया गया। जन्मोत्सव के मौके पर रुद्राभिषेक एवं गुरुदेव भगवान की पादुका पूजन में महेंद्र शाह कुंवर के पूरे परिवार ने पूजन अर्चन की। ग्राम के एवं आसपास के लोग उपस्थित रहे, वहीं आश्रम प्रभारी सोमेश्वरानंद महाराज के विशेष मार्गदर्शन में कार्यक्त्रस्म हुआ।

### अज्ञात कारणों से युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस अज्ञात कारणों से युवक की मौत हो गई। पुलिस मिली जानकारी के अनुसार परम लाल पिता मंगल सिंह ठाकुर उम्र 25 वर्ष निचासी डांगीढ़ाना थाना स्टेशनगंज की तबियत बिगड़ने पर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर परीक्षण के दौरान डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया पुलिस मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनोंा के सौंप दिया।

## ओबीसी आरक्षण के लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

# ओबीसी आरक्षण संबंधी लंबित प्रकरणों का किया जाए समाधानः सुनीता पटैल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गुरुवार को कांग्रेसजनों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली निकालकर जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग करते हुए ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग की गई। ज्ञात हो कि सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा कर टाला जा रहा है। ऐसे अनेकों वादो पर सरकार खरी नही उतरी है जिसे लेकर बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों द्वारा विरोध करते हुए रैली निकाली तथा राज्यपाल के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

### प्रकरणों का हो समाधान

म.प्र. में ओबीसी आरक्षण संबंधी लंबित प्रकरणों के समाधान के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल द्वारा कांग्रेसजनों के साथ सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 8 मार्च 2019 को राज्य सरकार द्वारा अध्यादेश लाकर ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया गया था। इस



अध्यादेश को एक छात्रा द्वारा न्यायालय में चुनौती दी गई। परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा केवल सीमित अंतरिम आदेश दिया गया। तत्पश्चात 14 अगस्त 2019 को विधानसभा में संशोधन अधिनियम पारित कर अधिसूचित किया गया। इस अधिनियम पर न तो उच्च न्यायालय द्वारा कोई स्थगन आदेश पारित किया गया है। अतः यह कानून राज्य में शिक्षा एवं रोजगार दोनों क्षेत्रों में प्रभावी है। वर्तमान में लगभग 70 याचिकाएं सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है।

### सरकार वापस ले अधिसूचना

ज्ञापन मे बताया गया है कि ओबीसी आरक्षण को लेकर अधिकांश याचिकाएं ओबीसी वर्ग द्वारा कानून के प्रभावी क्रिन्यावयन हेतु दायर की यह है। परंतु राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना स्वयं कानून के विपरीत है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल ने कहा कि राज्य सरकार तत्काल उक्त अधिसूचना को वापस ले। यदि ऐसा किया जाता है तो 90 प्रतिशत समस्या स्वतः समाप्त हो जाएगी और ओबीसी वर्ग को उसका विधिसम्मत लाभ मिल सकेगा। उक्त मौके पर पूर्व विधायक संजय शर्मा, सुनील जायसवाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित मैथिलीशरण तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।



## परंपरागत ढंग से मनाई नागपंचमी

**हरभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नगर के किसानी वार्ड में स्थित श्री बूढ़े नरसिंह मंदिर में ऋषि पंचमी पर्व पर परंपरागत रूप से पटा भरे गए। पूजन के पश्चात परंपरागत गीत गाए गए और अनेक भक्तों को नागदेवता के भाव के रूप में मेहर भन्नी आई। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने अपनी अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए प्रार्थना की। लोगों की समस्याओं को दूर करने के उपाय बताए गए। श्री बूढ़े नरसिंह मंदिर परिवार की ओर से तत्तु महाराज ने सभी का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

### बरहटा स्कूल के विद्यार्थियों ने किया पॉलिटेक्निक कॉलेज का भ्रमण




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नरसिंहपुर का भ्रमण किया। पॉलिटेक्निक कॉलेज की व्याख्याता कविता मैडम एवं पगारे सर ने छात्र-छात्राओं को कॉलेज में चल रहे विभिन्न टेक्नोलॉजी कोर्सेज की जानकारी देकर और उसकी भविष्य की उपयोगिता को विस्तार से समझाया। इस दौरान कंप्यूटर साइंस की विभिन्न शाखाओं और कार्य शैली को मशीनों द्वारा कंट्रोल करना बताया। तथा भ्रमण में छात्र-छात्राओं ने कृषि विज्ञान केंद्र नरसिंहपुर का भ्रमण किया । कृषि विकास केंद्र के डॉक्टर सूर्यवंशी श्री मेश्राम ने उन्नत कृषि उन्नत बीजों मिट्टी की गुणवत्ता कीटनाशक के प्रकारों एवं खाद के बारे में विस्तृत जानकारी दी छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का निवारण करते हुए कृषि के क्षेत्र में उन्नत भविष्य एवं प्रगतिशील कृषि प्रक्षेत्र को अपनाने का मार्ग बताया।

### सींगरी नदी मे बहा युवक, मौत



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस नगर के मध्य से निकलने वाली सींगरी नदी को पार करते समय व्यक्ति बह गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय गुड्डू जाट उर्फ अंबानी सिंगरी नदी के तेज बहाव में बह गए। यह हादसा तब हुआ जब वे बारिश के कारण उफनाई नदी को पार करने की कोशिश कर रहे थे। शहर के किसानी वार्ड निवासी गुड्डू जाट सुबह करीब 7:30 बजे गणेश मंदिर रोड पर बने छोटे पुल को पार कर रहे थे। इस दौरान, कई लोगों ने उन्हें नदी पार न करने की चेतावनी दी, लेकिन उन्होंने इन चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया। पुल पार करते समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वे नदी की तेज धारा में बह गए। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उन्हें पुल पार करने की कोशिश करते हुए देखा जा सकता है। बताया गया है कि घटना से कुछ घंटे पहले हुई तेज बारिश के कारण नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया था। घटना की सूचना मिलने के बाद, पुलिस, होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और गुड्डू जाट की तलाश के लिए एक बचाव अभियान शुरू किया गया है। दुसरे दिन भी पुलिस का सर्च अभियान जारी रहा लेकिन कोई पता नही चल सका है।

## दस दिवसीय श्रीगणेश उत्सव पर्व शुरू



**नरसिंहपुर।** डोभी दस दिनों तक चलने वाले विघ्नेश्वर प्रथम देव श्री गणेश का महापर्व स्थापना के साथ शुरू हो गया है। संपूर्ण क्षेत्र में यह पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है।घरों घर और पंडालों में सुंदर झांकियां सजाई गई है।बाल टोलियों में अच्छा खासा उत्साह बना हुआ है। डोभी क्षेत्र में 10 फुट तक की प्रतिमायें विराजित की गई हैं। स्थापना के दिन दिन भर प्रतिमाओं का जाना और स्थापना का दौर जारी रहा। गणेश उत्सव पर ग्राम के बाखर मुहल्ला बाजार पुरा हाईस्कूल मंगल भवन वारहपुरा गढ़ापुरा सोनी मुहल्ला महादेव पुरा काछी मुहल्ला सहित विभिन्न स्थानों पर पंडाल बनाकर गणेश प्रतिमा स्थापित की गई। त्रिशूल गणेशोत्सव समिति द्वारा आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। संपूर्ण



नगर में विशेष साफ सफाई एवं साज सज्जा की गई है। घरों में विधि-विधान से पूजा अर्चना की जा रही है आरती में बाल टोलियां बढ़-चढ़ कर भाग ले रही है।

### जिला पंचायत की बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति और साधारण सभा की बैठक 29 अगस्त को जिला पंचायत के सरदार वल्लभ भाई पटैल के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक दोपहर 12.30 बजे से और साधारण सभा की बैठक दोपहर 2.30 बजे से आयोजित की जाएगी। यह जानकारी सीईओ जिला पंचायत ने दी है। उन्होंने बताया कि सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में विगत बैठक का पालन प्रतिवेदन, जिला पंचायत की आय- व्यय, जिला पंचायत के अंतर्गत आने वाली दुकानों, समस्त निधियों के उपयोग एवं अनुमोदन, जिला पंचायत के अंतर्गत आने वाली कॉलोनियों, जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कार्यों और अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसी तरह साधारण सभा की बैठक में विगत बैठक का पालन प्रतिवेदन, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्कूल शिक्षा विभाग और अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## सड़कों पर निराश्रित मवेशियों के झुंड बढ़ा रहे मुसीबत



**तेंदूखेड़ा** एक तरफ जहां सरकार के द्वारा हर ग्राम पंचायत में गौ शालाओं का निर्माण करवाने का निर्णय लेकर निर्माण कराया गया है और कहीं अभी भी चल रहा है।घायल होने की स्थिति में तत्काल चलित बाहन ऐम्वुलेंस सेवा के माध्यम से उनके इलाज की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। लेकिन यह व्यवस्था धरातल पर देखने को नहीं मिल रही है। विभिन्न ग्राम पंचायतों में गौ शालायें बनने के बाद भी सैकड़ों की संख्या में निराश्रित मवेशी बीच सडक चौराहों पर बैठे हुए देखे जा सकते हैं। इससे आवागमन प्रभावित होने के साथ मवेशियों को बाहन से टकराने के कारण जहां घायल मवेशी यहां वहां पड़े मिलतें है या फिर असमय काल के गाल में समा जाते हैं। सेवा भावी युवाओं द्वारा इनकी देखभाल की जाती है। लेकिन सबसे बड़ा सोचनीय विषय तो यह बना हुआ है कि बरसात के दिनों में इनकी संख्या में दिनों दिन बढ़ोत्तरी होती चली जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से ही कृषक इन्हें खुला छोड़ देते हैं। मवेशी भी कीचड़ और मच्छरों को काटने के कारण सूखे स्थानों सड़क मार्ग पर बैठा करते हैं। चाहे राष्ट्रीय राजमार्ग हो या फिर नगर के मुख्य चौराहे और सड़कें प्रमुख रुप से शामिल हैं। तेंदूखेड़ा से गाडरवारा जाने वाले सड़क मार्ग पर मंडी मार्ग पुराने बस स्टैंड गांधी चौक से लेकर सिविल न्यायालय तथा नगर परिषद के सामने तरफ इनकी बहुतायत संख्या देखने को मिला करती है। छोटे वाहनों से लेकर भारी बाहनों को निकलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### परेशान लोगों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

विगत दिनों समीपी ग्राम भामा के किसानों ने बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय में पहुंच कर निराश्रित मवेशियों से हो रही परेशानियों को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा था। मवेशियों के



झुंड खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचाया करते हैं।जिसे लेकर किसानों को रात भर अपने अपने खेतों की रखवाली भी करनी पड़ती है। क्षेत्र में बनीं गौ शालायें केवल शोभा की सुपारी बनकर रह गई है। उनमें चारा भूसे की उचित व्यवस्था ना होने के कारण ग्राम पंचायतें इन मवेशियों को रखने तैयार भी नहीं हो रहें हैं। निराश्रित मवेशियों की बढ़ती संख्या के चलते कसाई वर्ग भी सक्रिय हो जाते हैं। जो रातों रात बाहनों में भरकर कत्ल खाने ले जाते हैं। ग्राम पंचायतों को चाहिए कि वे अपने क्षेत्र के पशु पालकों पर ध्यान रखें। इन्हें यहां वहां ना छोड़े। गांवों से मवेशियों को बाहर ना खदेड़ कर गांव की गौ शालाओं में रख लें। और वहीं जाकर परवरिश करते रहें।



## जिला स्तरीय हैवॉल स्पर्धा बालक बालिका वर्ग का हुआ शुभारंभ

**गोटेगांव।** स्थानीय सुभाषचंद्र बोस मिनी स्टेडियम गोटेगांव में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता बालक-बालिका वर्ग का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, विधायक महेंद्र नागेश, सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष निधान सिंह पटेल, अभिषेक पटेल, पंकज जैन, उमाशंकर छिरा एवं आनंद अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों ने अतिथियों से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम स्थल पर युवा खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक रहा। ग्राउंड में खिलाड़ियों ने जोश और उमंग के साथ अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया प्रतियोगिता में जिलेभर से आई विभिन्न स्कूलों की टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि खेलों से युवाओं में आत्मविश्वास और अनुशासन का विकास होता है। सुभाषचंद्र बोस मिनी स्टेडियम में आयोजित यह प्रतियोगिता आने वाले दिनों तक चलेगी, जिसमें विजेता टीमों का चयन प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा। खिलाड़ियों की हौसला-अफजाई के लिए बड़ी संख्या में खेलप्रेमी और अभिभावक भी वि मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत पूर्व रा राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि सहयोग कीड़ा मंडल का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना।

# दस लक्षण धर्म प्रारंभ, जैन श्रावकों ने उत्तम क्षमा धर्म से की धर्माराधना

### मुनि श्री प्रबुद्ध सागर जी कर रहे तत्वार्थ सूत्र की वाचना

**गोटेगांव।** जैन धर्म का महान पर्व पर्युषण पर्व शनिवार से प्रारंभ हो गया है। पर्यूषण पर्व का महत्व निश्चित ही हमारे विकारों को धोने के लिए मनोहर बारिश की तरह है। ये दस लक्षण धर्म में श्रावक श्राविकाओं को भली भांति तत्व ज्ञान सीखना चाहिए। जैनत्व को जानने मानने वाले सभी जन इन 10 दिनों में आचार विचार शुद्ध रखते हुए दस लक्षण धर्म का पालन करते हैं। साल भर तक श्रावकों द्वारा उन श्रेष्ठ, शुद्ध, सुंदर आचार विचार के साथ आत्म तत्व की ओर दृष्टि रखते हुए सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र रूपी मोक्ष मार्ग को जीवन में उतारते हैं।

इस महान पर्व अवसर पर अनेक श्रावक जहां सोलह कारण के 16 उपवास, व्रत रख रहे हैं। वहीं दस लक्षण पर्व के अवसर पर भी अनेक श्रावक श्राविकाएं 10 उपवास और एकासन यानि दिनभर में केवल एक बार ही आहार ग्रहण करते हैं।पर्यूषण पर्व प्रारंभ होने पर गोटेगांव नगर में विराजमान मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागर जी एवं मुनि श्री 108 निर्दोष सागर जी महाराज के मंगलमयी सानिध्य में आवासीय संस्कार शिविर का भी आयोजन हो रहा है। इस अवसर पर 1008 श्री शांतिनाथ जिनालय के आचार्य विद्यासागर सभागार में प्रातः कालीन प्रवचन श्रृंखला में मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागर जी महाराज ने उमाशंकर स्वामी जी द्वारा रचित तत्वार्थ सूत्र की वाचना करते हुए कहा कि तत्वार्थ का मतलब तत्व है। जीव का लक्षण चेतन है अजीब का लक्षण जिसमें चेतना नहीं पाई जाती है।देखा जा रहा है कि व्यक्ति का यह स्वभाव होता है कि वह दुखों से तो मुक्ति चाहता है और उसके लिए वह




सदैव प्रत्यन करता रहता है। लेकिन इन दुखों से मुक्ति पाने का रास्ता सम्यकत्व को धारण करना है। मुनि श्री ने कहा कि प्रत्येक जीव सदैव अपने कर्मों के कारण इस संसार में आया है और इन कर्मों को जीव स्वयं बांधता है। साथ ही समय के साथ वह जीव इन कर्मों का फल भी भोगता है। इस संसारी प्राणी की दशा कुछ इस तरह है कि वह बीज तो नीम के बोता है और फल आम के चाहता है। मतलब वह जीव धर्म विरोधी, मानवता विरोधी कार्य करता है और चाहता है कि उसे सुखमय संसार मिले। लेकिन ऐसा कभी होता नहीं है। आप मन वचन काय से कोई भी चेष्टा करते हो, तो वह आपके कर्म बंध होकर पाप पुण्य के कारण बनते हैं। यदि आप वचनों ,से मन से,या शारीरिक दृष्टि से किसी भी गुणी व्यक्ति की निंदा कर रहे हो, तो आप पाप का आश्रव बंध करते हो। और यदि आप किसी गुणी का गुणगान करते हो, तो फिर आपको निश्चित ही पुण्य बंध का आश्रव होता है।मुनि श्री प्रबुद्ध सागर जी महाराज जी ने बड़ी ही गहन गंभीर बात करते हुए कहा कि जब कोई व्यक्ति मुर्दा हो जाता है। तब उसको राम नाम सत्य सुनाया जाता है। लेकिन जब वह व्यक्ति जीवित रहता है तब उसे राम नाम सत्य सुनना, मानना चाहिए।जो आगम सम्मत मुनिराज होते हैं। वह हर स्थिति में मुनि पद का निर्वाह करते हैं। वह कभी भी पथभ्रष्ट नहीं होते। क्योंकि यदि वह पथ भ्रष्ट होते हैं तो नरक जाने में समय नहीं लगता है अहिंसा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। इसलिए मुनिराज के हाथ में सदैव दया धर्म का उपकरण पिच्छिका रहती है। मुनि राज्यों का धर्म सूक्ष्म है। वीतरागी साधु कभी भी हिंसा नहीं कर सकता है। जैन धर्म अनुशासित होता है। मुनि श्री के वचन हमेशा सत्य होते हैं।मुनिश्री ने लोगों की दिनचर्या पर अपनी बात रखते हुए कहा कि आज के दिन व्रती तो दिन में एक बार और अव्रती दिन में दो बार भोजन करता है। लेकिन कुछ ऐसे भी इंद्रियों के गुलाम मनुष्य होते हैं जो दिन में कई बार भोजन करते हैं। यह सर्वथा धर्म विरोधी, जीवन विरोधी, स्वास्थ्य विरोधी असंयमी कर्म है। मुनि महाराज सदैव आहार के पहले तपस्या,आहार के दौरान तपस्या,और आहार के बाद भी तपस्या करते हैं। जैन साधु की चर्या मोक्ष मार्गी होती है।वह शरीर से कभी भी मोह नहीं करते। दस लक्षण पर्व के दौरान आचार्य विद्यासागर सभागार के साथ ही श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर के विद्या भवन में भी दोपहर में तत्वार्थ सूत्र की मीमांसा मुनि श्री प्रबुद्ध सागर जी महाराज कर रहे हैं इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन श्रावक श्राविकाओं की उपस्थिति हो रही है।